हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 28 सितंबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 डी-मार्ट पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन व...



07 भ्रष्टाचार को लेकर बुंदेलखंड विकास सेना ने किया...



खबर संक्षेप



कांग्रेस सेवादल ने ध्वज वंदन कर वरिष्ठजनों का सम्मान किया

मन्दसौर। कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के आखिरी रविवार को ध्वज वंदन की श्रृंखला में इस रविवार को खानपुरा मण्डलम में खानपुरा मण्डलम के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा ध्वज वंदन किया गया एवं कांग्रेस सेवादल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। ध्वज वंदन वल्लभ बघेरवाल, भगवतीलाल पालीवाल, रामनारायण हिंगोरिया, शांतिलाल ब्रिजवानी, माधुलाल पंवार, परशुराम बरसोलिया, सूरजमल मेघवाल, बंशीलाल चुमरिया एवं फारूख कुरैशी द्वारा किया गया। एवं कांग्रेस सेवादल द्वारा इन सभी वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने कहा कि ध्वज वंदन की श्रृंखला में इस बार शहर के खानपुरा मण्डलम में ध्वज वंदन किया गया। ध्वज वंदन मंदसौर शहर के अनेक वार्डों में किया जाएगा। एवं कांग्रेस सेवादल के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने भी कांग्रेस सेवादल द्वारा किये जा रहे ध्वज वंदन एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान की अच्छी परिपाटी बताया। आपने कहा कि ध्वज वंदन शहर के अलग-अलग मंडलम में किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। जिसमें ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विकास दशोरा, तरूण खिंची, संजय नाहर, शैलेन्द्र बघेरवाल, सुरेन्द्र कुमावत, रऊफ खान शामगढ़, महिला नेत्रियों में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रात्री सत्रावाला, महिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष योगिता बैरागी, अनिता भदौरिया, वर्षा दोसरिया, दिनेश जेठानिया, दशरथ शर्मा, दशरथ राठौर, सादिक गौरी, गोपाल बंजारा, बाबूलाल ब्रिजवानी, कपिल पण्ड्या, मोहम्मद आसीफ, साबिर इलेक्ट्रीशियन, विश्वास दुबे, राहुल पोरवाल, साबिर कप्तान, भेरूलाल कुमावत, रमेश मिश्रा, लालूराम, श्याम व्यास, रमेशचन्द्र मिश्रा, चेनसिंह आदि रहे मौजूद।

सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख दिया समर्थन

नलखेड़ा में हुई हृदय विदारक घटना को लेकर शहर का ऐतिहासिक बंद

फल फ्रूट एवं सब्जी व्यापारियों ने भी रखा बंद। मंदिर पर हवन पूजन कार्य भी रहा बंद। कलेक्टर और एसपी पहुंचे चर्चा के लिए नलखेड़ा, नहीं निकला कोई नतीजा।






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गत दिनों नगर के मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर हुए एक हृदय विदारक हादसे में आठ भक्तों की मौत की घटना के बाद मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा इस घटना के लिए जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही न होने पर जहां घटनास्थल के समीप पांचवें दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं अनिश्चितकालीन नगर बंद के आह्वान के तहत रविवार को संपूर्ण नलखेड़ा नगर ऐतिहासिक बंद रहा।

नागरिकों को फल फ्रूट एवं सब्जी भी मुहैया नहीं हुई। इसका व्यवसाय करने वाले व्यापारियों ने भी इस घटना पर अपना आक्रोश जताते हुए बंद का समर्थन करते हुए अपने-अपने व्यवसाय स्वेच्छा से बंद किये। होटल व्यवसायियों द्वारा भी बंद रखे जाने से नागरिक चाय के लिए इधर-उधर भटकते देखे गए। मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा चलाये जा रहे चरणबद्ध आंदोलन को लेकर जिला कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक रविवार को नलखेड़ा पहुंचे। जहां उनके द्वारा प्रतिनिधि मंडल से चर्चा की गई। लेकिन चर्चा पर सहमति नहीं बन पाई। जिससे धरना प्रदर्शन भी जारी रहा एवं बंद भी नहीं खुला। मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर गत दिनों हुई दर्दनाक हृदय विदारक घटना में आठ लोगों की नाले में हुई मौत के बाद





माँ बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा घटना वाली पुलिया के समीप विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन शासन तथा प्रशासकीय स्तर पर भक्त मंडल द्वारा की जा रही मांगों के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के बाद चरणबद्ध आंदोलन के तहत रविवार 27 सितंबर से अनिश्चितकालीन नगर बंद रखे जाने का आह्वान किया गया था, जो ऐतिहासिक बंद रहा। नगर के सभी व्यापारीयों ने बंद के इस आव्हान को अपना समर्थन प्रदान करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान पूर्णता बंद रख कर सहयोग प्रदान किया।अति आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया था।

हवन पूजन कार्य रहे बंद

मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा किए गए इस बंद को समर्थन प्रदान करते हुए बगलामुखी मंदिर के समस्त पंडित एवं आचार्य द्वारा भी हवन पूजन कार्य बंद रखा गया। जिसके चलते जहां हवन शालाओं मैं प्रतिदिन लगभग 1000 से अधिक हवन होते थे। एवं हवन शाला परिसर में मंत्रों की गूंज सुनाई देती थी वहां रविवार को सन्नाटा पसरा रहा। इधर घटनास्थल पर किया जा रहा धरना प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा।जिसमे बड़ी संख्या में भक्तगण के साथ नगरवासी, व्यापारी बंधु धरने पर बैठे। मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा बुधवार से अपनी 11 प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इन मांगों में 19 सितंबर की घटना के लिए जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग।

बार एसोसिएशन ने भी दिया समर्थन

मां बगलामुखी की दर्दनाक घटना को लेकर बार एसोसिएशन नलखेड़ा द्वारा भी घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत के मामले में जवाबदारों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई एवं बगलामुखी मंदिर की व्यवस्था में आवश्यक सुधार की मांग को लेकर नगर बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्तागण भी अपना न्यायालयीन कामकाज बंद रखेंगे। ज्ञात रहे कि नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर 18 सितंबर को उड़ीसा प्रांत के भुवनेश्वर से 7 दर्शनार्थी माता रानी के दरबार मे पहुंचे थे जोकि हवन अनुष्ठान के बाद 18-19 सितंबर की दरम्यानी रात लगभग 12 बजे वापस लौट रहे थे कि मंदिर के समीप स्थित नाले की पुलिया पर तेज बहाव का पानी होने से उनकी कार बह गई थी जिसमे कार ड्राइवर सहित 8 भक्तों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिया पर पानी होने के बाद भी वहाँ ना तो बेरिकेटिंग की गई थी ना ही सुरक्षा के लिए कोई गार्ड मौजूद नही था। इस दर्दनाक और हदयविदारक घटना के एक सप्ताह बाद भी प्रशासन द्वारा घटना को लेकर किसी की भी जवाबदेही तय नही की है और ना ही किसी दोषी अधिकारी पर कार्यवाही की है। जिसको लेकर भक्तों में आक्रोश व्याप्त है। तथा भक्त मंडल द्वारा इसको लेकर चरणबद्ध आंदोलन किए जा रहे हैं।

कलेक्टर-एसपी के साथ चर्चा का नहीं निकला नतीजा

इधर मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन को लेकर रविवार को जिला कलेक्टर डा शेर सिंह मीना एवं जिला पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी सहित अनुविभागीय अधिकारी देवकुंवर सोलंकी, एसडीओपी देवनारायण यादव भक्त मंडल के सदस्यों से चर्चा के लिए माता मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने एक प्रतिनिधिमंडल से उनकी मांगों को लेकर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान जिला कलेक्टर ने मां बगलामुखी की इस घटना के लिए मजिस्ट्रेट न्यायिक जांच करवाने तथा एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही गई। इसी के साथ अन्य बातें भी रखी। वहीं प्रतिनिधि मंडल द्वारा भी इस घटना को लेकर अन्य बिंदुओं को रखा गया। लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के बीच चर्चा पर सहमति नहीं बनने से जहां धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहा वहीं नगर बंद भी नहीं खुल पाया।

लंबी कूद में हासिल किया प्रथम स्थान

एथलेटिक्स समारोह में आदित्य ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

छतरपुर में आयोजित 37 वें क्षेत्रीय एथलेटिक्स समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर नलखेड़ा के भैया आदित्य गायरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं नलखेड़ा का नाम गौरवान्वित किया। भैया आदित्य गायरी ने लंबी कूद प्रतियोगिता में 6 मीटर की शानदार छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा स्वर्ण पदक (गोल्ड) अपने नाम किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन गाजियाबाद में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय खेलकूद समारोह (राष्ट्रीय प्रतियोगिता) के लिए हुआ है, जहाँ वे मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। आदित्य गायरी की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में



हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार ने भैया आदित्य को उनकी शानदार सफलता एवं अखिल भारतीय स्तर पर चयनित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि भैया आदित्य राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, नलखेड़ा एवं मध्य क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

आगर मालवा के रत्न

इनकम टैक्स सहायक कमिश्नर आयुष जैन का सम्मान



नलखेड़ा। आगर मालवा के अजय जैन (सुपर ड्रेसेस) के सुपुत्र आयुष जैन भारत की सर्वोच्च प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी से चयनित होकर आयकर विभाग में सीधे सहायक कमिश्नर के पद पर पहुंचे और जिले को गौरांवित किया। उनके गृह नगर पहुंचने पर प्राचार्य के सी मालवीय ने वृहद पुष्पमाला एवं पुष्प वर्षा कर दोनों पिता - पुत्र का हृदय से अभिनंदन किया तथा उनके आगे के राष्ट्र सेवा के जीवन पथ की मंगल कामनाएं की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद देवेंद्र वर्मा भी उपस्थित रहे।

स्वच्छता और पर्यावरण का दिया संदेश

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन का मिलन कार्यक्रम







कानड़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रआंगन का मिलनर कार्यक्रम के तहत चांदनगांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं माताओं-बहनों का भाजपा जिला मंत्री कविता आशीष शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष अंतर सिंह राजपूत द्वारा अभिनंदन किया गया।इस दौरान सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पानी की बोतल एवं भोजन के बॉक्स उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। वहीं बच्चों को चॉकलेट एवं टॉफियां वितरित की गईं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री कविता शर्मा ने सेवा संकल्प एवं आंगन का मिलन कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा, संकल्प और समर्पण का रहा है। उनके सेवा कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।सेवा कार्य के तहत आंगनवाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर की सफाई करने के साथ बच्चों के हाथ साबुन से धुलवाए गए। बच्चों को संदेश दिया गया कि भोजन करने से पहले हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना चाहिए और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सभी को सहयोग करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आंगनवाड़ी परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर कानड़ मंडल अध्यक्ष अंतर सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मोकाम सिंह तोमर, मानक शर्मा, भाजपा कार्यकर्ता दिनेश परमार सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, माताएं-बहनें एवं बच्चे उपस्थित रहे।

नवरात्रि गरबा महोत्सव को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व के दौरान मां नवदुर्गा की भव्य आराधना एवं गरबा आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु गांधीनगर स्थित मां शीतला माता मंदिर परिसर में क्षेत्रवासियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नवदुर्गा गरबा समिति गांधीनगर के पुनर्गठन के साथ-साथ आगामी आयोजन की रूपरेखा तय की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार समिति के वरिष्ठ सदस्य कुशालसिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणावत, गोवर्धनसिंह सोलंकी, मनोहरलाल चौहान तथा डॉ. श्रवण कुमार श्रीवास्तव को संरक्षक पद पर नियुक्त किया गया। वहीं मार्गदर्शक मंडल में सत्यनारायण राव, जगदीश शर्मा, सी.एल. बसेर, दरबार सिंह सोलंकी,



राजेंद्र सिंह सिसोदिया, धर्मपाल सिंह देवड़ा, भंवर सिंह पवार, रघुवीर सिंह देवड़ा, डी.एस. शर्मा, के.सी. शर्मा, प्रेमचंद बामनिया, अशोक गौड़ एवं मदन लाल मालवीय को मनोनीत किया गया। पुनर्गठित समिति में राम नारायण प्रजापति को अध्यक्ष चुना गया, जबकि सुरेशचंद जोशी, घनश्याम माहेश्वरी, भोला भारती सोनी एवं जगदीश मालवीय को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के कोषाध्यक्ष पद पर पुनः सुनील बसेर, सचिव पद पर रतनलाल चौहान तथा सह सचिव पद पर पूरणमल प्रजापति को नियुक्त किया गया है।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की चयन सूची में चमके मंदसौर महाविद्यालय के विद्यार्थी

मंदसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के गणित विभाग ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर (गणित) चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय के गणित विभाग के दस विद्यार्थियों का चयन हुआ है। एक साथ दस विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों में नन्दिता धनोतिया, नेहा शर्मा, संध्या मेल, राजेश धाकड़, आयुषि जेठानिया, काशीराम प्रजापति, अश्विनी पंवार, मोनिका कुमावत, आदित्य परिहार एवं नेहा बाघेरिया शामिल हैं। गणित



विभागाध्यक्ष प्रो. तुषारकांत झाला ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि गणित विभाग के लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

भाषण में कुमकुम प्रथम, चित्रकला में ऋषिता ने हासिल किया प्रथम स्थान

चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई द्वारा ह्यसेवा संकल्पह्न अभियान के अंतर्गत ह्यमेरे सपनों का भारतह्न विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने विचारों, कल्पनाओं और रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से विकसित एवं सशक्त भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की। जिला संगठक एनएसएस एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने कहा कि ह्यसेवा संकल्पह्न अभियान का उद्देश्य युवाओं में सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना है। ह्यमेरे सपनों का भारतह्न विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी



कल्पनाशीलता और विचारों के माध्यम से भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े तो राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

भाषण प्रतियोगिता के परिणाम

भाषण प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय सुवासरा की छात्रा कुमकुम सिंह देवड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिलीप सिंह चौहान द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि कमल सिंह पंवार एवं ईशा सोनी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सचिन शर्मा, हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सीमा जैन एवं संस्कृत विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकज शर्मा शामिल रहे।

चित्रकला में विद्यार्थियों ने उकेरा सपनों का भारत

चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय दलौदा की छात्रा ऋषिता सुधार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पी.जी. कॉलेज मंदसौर की छात्रा जिया लालवानी द्वितीय तथा ज्ञान विहार कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भैंसोंदामंडी की छात्रा कात्यायनी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा मित्रा, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष श्री संदीप सोनगरा एवं हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सीमा जैन शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया तथा आभार श्रीमती के. के. टुटेजा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ. यशस्वी सोनी, डॉ. कल्पना जयपाल सहित जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेवा के साथ शिक्षा को दिया प्रोत्साहन

महावीर इंटरनेशनल स्कूल ने बांटे ड्रेस



मंदसौर। महावीर इंटरनेशनल मंदसौर द्वारा सेवा गतिविधियों की श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय, अंबाव (बालागुड़ा के पास) में स्कूल ड्रेस वितरण प्रोजेक्ट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। यह सेवा कार्य स्वर्गीय देबु बाई प्रजापति की पावन स्मृति में ईश्वर रामचंद्र प्रजापति एवं परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित मुरलीधर शास्त्री (धारियाखेड़ी वाले) रहे। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल मंदसौर के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष वीर मनसुखलाल मारवाड़ी, पूर्व अध्यक्ष वीर राकेश चौधरी, अध्यक्ष वीर अरविंद कुदार, सह-सचिव वीर योगेश भट्ट सहित कार्यकारिणी सदस्य वीर सुजानमल ओस्तवाल, वीर दिलीप कुमावत, वीर पंकज मित्तल, वीर वैभव कुदार उपस्थित रहे। साथ ही ईश्वर प्रजापति, रामनिवास प्रजापति, विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश पोरवाल, शिक्षिका चंदा धनगर एवं लाभार्थी परिवारजन भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पंडित मुरलीधर शास्त्री ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार एवं निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किए जाने वाले सेवा कार्य समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और परस्पर सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश पोरवाल ने विद्यालय परिवार की ओर से महावीर इंटरनेशनल मंदसौर एवं सहयोगी प्रजापति परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष अरविंद कुदार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महावीर इंटरनेशनल मंदसौर सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहा है। शिक्षा से जुड़े सेवा प्रकल्प संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल हैं और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग देना संस्था का उद्देश्य है।

खबर संक्षेप

कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी



भौरासा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण ग्राम कराड़िया में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सुना। इसी क्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल के नेतृत्व में बूथ क्रमांक 38 पर कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सुना और प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सिंधल ने कहा कि 'मन की बात' केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से संवाद का माध्यम है। कार्यक्रम में सरपंच पुष्पा घनश्याम मंडलोई, मांगीलाल पटेल, महेश मंडलोई, मोहनलाल मंडलोई सेठी, राकेश मंडलोई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

पं. दीनदयाल जयंती पर संगोष्ठी संपन्न



सोनकच्छ। पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पखवाड़े के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा विकासखंड स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मानसिंह मालवीय ने छात्र-छात्राओं को पंडित दीनदयाल के जीवन, विचारों एवं योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संगोष्ठी में तृप्ति पाटिल, दुर्गा वर्मा, राकेश बड़कनिया, शिवराज राठौड़ एवं देवीलाल चौहान ने अपने विचार रखे। आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कुसुम, ललित लोबानिया, हीरामणि सोलंकी एवं मोहम्मद जाकी ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन अक्षय जोशी ने किया। आभार नितेश कोटडिया ने माना।इस अवसर पर जीवन सोलंकी, सोहन उपाध्यक्ष, रमेशचंद्र सकलेचा, रवीना धाकड़, अक्षय जोशी सहित नवांकुर संस्था से ज्योति सोनी, कमल वर्मा, सागर मालवीय आदि उपस्थित रहे।

मध्यरात्रि में पुलिस की सघन निगरानी, 280 वाहनों की जांच

शहरी क्षेत्र में 47, ग्रामीण क्षेत्र में 233 वाहन चेक किए, 20 गुंडा व 2 हिस्ट्रीशीटर भी जांचे





एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया विशेष रात्रिकालीन सघन जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अपराधों की रोकथाम और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए देवास पुलिस ने 26 एवं 27 सितंबर की मध्यरात्रि जिलेभर में सघन रात्रि गश्त एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने प्रमुख मार्गों, चौराहों, प्रवेश-निकास मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखते हुए कुल 280 वाहनों की जांच की। इनमें शहरी क्षेत्र के 47 और ग्रामीण क्षेत्र के 233 वाहन शामिल रहे। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गतिविधियों पर भी नजर रखी।

रात्रि गश्त के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी रही। अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारियों को प्रभावी गश्त, नाकाबंदी और वाहन चेकिंग के लिए कहा गया था।थाना उदयनगर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक पिकअप वाहन को रोककर जांच की। वाहन चालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने नियमानुसार 2 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की।


20 गुंडा, 2 हिस्ट्रीशीटर की जांच

अभियान के दौरान जिले के निगरानीशुदा बदमाशों की गतिविधियों और उनकी मौजूदगी का सत्यापन भी किया गया। पुलिस द्वारा कुल 20 गुण्डा और 2 हिस्ट्रीशीटर की चेकिंग की गई। पुलिस ने उनके संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाते हुए गतिविधियों पर निगरानी रखी।

देवास पुलिस के अनुसार अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा के लिए रात्रि गश्त, नाकाबंदी, वाहन चेकिंग तथा निगरानीशुदा बदमाशों की जांच आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि रात के समय वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का पालन करें और वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। नशे की अवस्था में वाहन नहीं चलाएं तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि की जानकारी तत्काल डायल-112 पर दें।

डी-मार्ट पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन व एफएसएसएआई की संयुक्त कार्रवाई

खाद्य सामग्री के नमूने जांच हेतु भेजे



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग एवं भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने देवास स्थित डी-मार्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्रवाई की।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन निर्मला सोमकुंवर के साथ एफएसएसएआई के सेंट्रल खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश बैरवा एवं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमाली सोनपाटकी के संयुक्त दल द्वारा डी-मार्ट देवास का सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्मला सोम कुंवर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दल द्वारा अग्रवाल 420 के लड्डू तथा सोहन पापड़ी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसके साथ ही डी-मार्ट परिसर में संचालित रेस्टोरेंट की जांच कर वहां से आइसक्रीम मिक्स एवं चीज स्प्रिंकल सीजनिंग के नमूने भी लिए गए। सेंट्रल खाद्य सुरक्षा अधिकारी बैरवा ने बताया कि संबंधित काजू कतली निर्माता की इकाई इंदौर में स्थित है, जिसकी अलग से सघन जांच की जा रही है।

कार्रवाई के दौरान संग्रहित किए गए चारों नमूनों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विश्लेषण हेतु नोटिफाइड प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित



देवास। स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, देवास में सत्र 2026-27 की जिला स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष एवं महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 26 सितंबर 2026 को सफलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार पलसिया रहे। आयोजन, चयन एवं निर्णायक समिति में डॉ. अरुण कुशवंशी, डॉ. संदीप सिंह नागर, डॉ श्याम कापड़े,डॉ. संदीप सिंह रावत, डॉ. अंकित सक्सेना एवं डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की पात्रता जांच पात्रता जांच समिति की संयोजक डॉ. ममता शाक्य के मार्गदर्शन में डॉ. गिरीश कुमार शिव एवं मनोज मुवेल द्वारा की गई। समिति द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की पात्रता का विधिवत परीक्षण किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल छह महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में देवास जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरुष वर्ग की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के.पी. कॉलेज, देवास में तथा महिला वर्ग की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता उज्जैन महाविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी।

श्रीमद्भागवत कथा का आज होगा शुभारंभ

भदेवास। जवाहर नगर स्थित कामिका धाम परिसर में 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। कामिका धाम समिति के तत्वावधान में आयोजित कथा में प्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ. सर्वेश्वर शर्म, उज्जैन के मुखारबिंद से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों गुरप्रीत ईशर, हेमंत उपाध्याय, हेमंत बिसोरे एवं अंकित सिंह ने कथा में उपस्थित होने अपील की है।

आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 1500 किलो महुआ लाहन और अवैध शराब की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत आबकारी विभाग देवास की टीम ने शनिवार को बागली और बरोठा क्षेत्र में दबिश देकर 1500 किलोग्राम महुआ लाहन, 70 लीटर हाथभट्टी मदिरा तथा 20 पाव विदेशी मदिरा जब्त कर 5 प्रकरण दर्ज किए हैं। उक्त कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई।आबकारी वृत्त बागली (अ) अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर, पूंजापुरा, उदयपुरा तथा वृत्त देवास (ब) के बरोठा में संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ सघन चेकिंग एवं दबिश दी गई। तलाशी के दौरान मौके से 20 पाव विदेशी मदिरा (व्हिस्की), 70 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब तथा मदिरा बनाने के काम आने वाला लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर विधिवत नष्ट कराया गया। बरामद सामग्री की अनुमानित कीमत 1 लाख 65 हज़ार रुपये से अधिक है। मामले में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं।कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश पवार, आबकारी उपनिरीक्षक गोकुल प्रसाद मेघवाल, रोहित मुकाती, योगेंद्र सिंह ठाकुर, अरविंद सोलंकी, दीपक धुरिया तथा मुख्य आरक्षक राजेश जोशी, सुरेंद्र वरसी, आरक्षक सनत ओझा, निहाल सिंह, आशीष गुप्ता और सविता धाकड़ शामिल रहे।

शहर के मीठा तालाब में महिला की मिली लाश



देवास। शहर में मीठा तालाब में रविवार शाम एक महिला का शव मिला। उसकी पहचान बीराखेड़ी निवासी आशा डांगी के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। आशा के रिश्तेदार ने बताया कि 26 सितंबर को वह मायके अमलावती आई थी। परिजनों के मुताबिक, 27 सितंबर की सुबह आशा बीराखेड़ी स्थित ससुराल पहुंची थी। आरोप है कि वहां भी उसका देवर, सास और ससुर से विवाद हुआ। इसके बाद वह घर से निकल गई। परिजनो ने बताया कि आशा शनिवार दोपहर करीब 12 बजे घर से निकली थी।आशा के पास मिले पर्स में कुछ कागज और करीब 5 हजार रुपए थे। रविवार शाम शव तालाब के किनारे नजर आया। नाहर दरवाजा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर मौत की परिस्थितियों की जांच कर रही है। ससुराल पक्ष पर लगाए गए आरोपों की भी जांच की जाएगी।नाहर दरवाजा थाना प्रभारी आलोक सोनी ने बताया कि तालाब में महिला का शव मिला था। उसकी पहचान हो गई है। महिला की गुमशुदगी भी दर्ज थी। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर भी जांच की जाएगी।

निर्वाचन आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के मतदान के लिए अब कुछ ही समय शेष रहा गया हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को बूथ तक लाने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की राज्य स्तरीय ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू ने जिले के कन्नौद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।ग्रामीणों को लोकतंत्र के इस उत्सव से जोड़ने के लिए सारिका ने अपने अनूठे और पारंपरिक अंदाज का सहारा लिया। उन्होंने चुनावी और लोकतांत्रिक संदेशों को लोकगीतों में पिरोकर प्रस्तुत किया। जागरूकता कार्यक्रम मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं आयोग के सचिव दिनेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और विशेष रूप से पहली बार वोट डालने जा रहे युवा मतदाताओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

देवास में 17 अक्टूबर से 02 नवंबर तक आयोजित होगी सेना भर्ती रैली



देवास। 17 अक्टूबर से 02 नवंबर 2026 तक कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, देवास में सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती रैली के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।इसी क्रम में भर्ती रैली की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए गत दिवस को भर्ती स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेना भर्ती कार्यालय के संजय शर्मा, ब्रिगेडियर मोहित कुमार जैन, सब मेजर घनश्याम नेगी, विजेन्द्र बिजोलिया, प्रभारी उपसंचालक, उज्जैन एवं प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी, देवास द्वारा संयुक्त रूप से भर्ती स्थल का दौरा किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भर्ती प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं, प्रवेश एवं आवागमन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं का जायजा लिया। साथ ही नवीन भर्ती नियमों के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।भर्ती रैली के सफल संचालन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सेवा अभियान के तहत वार्डों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



सेवा संकल्प समर्पण अभियान तहत वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित हुए सेवा संकल्प कार्यक्रम में पार्षद दीपक धौसरिया मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना आदिवासी बागली प्रभारी परियोजना अधिकारी कौशल्या मालवीय एवं सेक्टर सुपरवाइजर तारा वास्केल भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललीता जाधव, ममता राठौर का समान किया गया। अतिथियों का स्वागत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामू जमोडिया, अनिता गोयल दिपीका ,रेहाना, अनुराधा राजोरिया, शानू चोहान, अनिता शर्मा, लक्ष्मी हर्निया ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों, महिलाओं एवं परिवारों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बाबा भंवरनाथ मंदिर में हुआ सामूहिक पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



श्राद्ध पक्ष की पूर्णिमा के अवसर पर नगर के बाबा भंवरनाथ मंदिर परिसर में विभिन्न समाजों के लोगों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में सामूहिक पिंडदान एवं तर्पण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर अपने पितरों की आत्मशांति के लिए प्रार्थना की। पूजन के बाद रानी दमयंती तालाब में पारंपरिक अनुष्ठान कर पितरों का तर्पण किया गया। पंडित मनोज जोशी ने श्राद्ध के महत्व से जुड़ी पौराणिक कथा बताते हुए कहा कि मान्यता के अनुसार दानवीर कर्ण ने जीवनभर दान किया, लेकिन अपने पितरों के लिए दान एवं पूजन नहीं किया था। मृत्यु के बाद उन्हें इसका बोध हुआ। इसके बाद कर्ण ने 16 दिनों तक अपने पूर्वजों की सेवा और दान किया, जिसके बाद उन्हें मुक्ति प्राप्त हुई। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी ने बताया कि बाबा भंवरनाथ मंदिर परिसर में हर वर्ष श्राद्ध पक्ष की पूर्णिमा पर पितरों के तर्पण का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां बाबा भंवरनाथ महाराज की जीवित समाधि, प्राचीन पीपल एवं बरगद के वृक्ष, रानी दमयंती तालाब और प्राचीन कुंड का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी कारण यहां श्रद्धालु पितृ तर्पण के लिए पहुंचते हैं।

1000 से अधिक धावकों ने लिया देवास ग्रीन हॉफ मैराथॉन में हिस्सा

धावकों ने जोश और उत्साह के साथ लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए हिन्द फौज देवास ग्रीन हॉफ मैराथॉन का तीसरा संस्करण रविवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, विकास नगर, देवास में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मैराथॉन में 1000 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और खेल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि मैराथॉन में 1 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियां रखी गई थीं। इनमें बच्चों, युवाओं सहित विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ दौड़ लगाई।कार्यक्रम में आभा निगम, जावेद पठान, अमरजीत खनूजा, राजेश पटेल, हेमंत शर्मा, आशीष गुप्ता, मनोज सिंह उपस्थित रहे। हॉफ मैराथॉन में बालक वर्ग में प्रथम पंकज यादव, द्वितीय सोनू अहिरवार एवं तृतीय विकास बघेल रहे। बालिका वर्ग में प्रथम हंसा नागर, द्वितीय राधा यादव एवं तृतीय हर्षिता धाकड़ रहीं। 10 किलोमीटर में बालक वर्ग में प्रथम नीरज सर्तकार, द्वितीय अमन वर्मा एवं तृतीय आदिल शेख रहे। बालिका वर्ग में प्रथम आकृति बिरगेड एवं द्वितीय हर्षिता शेरा रहीं। इसी प्रकार 5 किलोमीटर में बालिका वर्ग में प्रथम खुशबू देवरे, द्वितीय संजना मुजाल्दे एवं तृतीय कोमल चौहान रहीं। बालक वर्ग में प्रथम मनीष शर्मा, द्वितीय हर्ष सेन एवं तृतीय रोहित दोयदा रहे। आयोजन को सफल बनाने में हिन्द फौज के संचालक कुमेर सिंह वर्मा, सुरेश शर्मा, श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपिका बोरीवाल, सीमा गिरी, विकास गिरी सहित हिन्द फौज की पूरी टीम का सहयोग रहा।

न्यू लायंस क्लब के गरबा महोत्सव के पंडाल का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में नवरात्र महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में न्यू लायंस क्लब नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड द्वारा नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव के पंडाल का भूमिपूजन विधायक डॉ. राजेश सोनकर, अनिल चावड़ा, रामचरण धाकड़, संतोष यादव, संजय जोशी, जय सिंह राणा, पटेल यशवंत सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ। समिति के रोहित जायसवाल ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन आरती के बाद बालिकाओं द्वारा गरबे की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। गरबा प्रशिक्षण दे रहीं ममता खालोटिया ने बताया कि नगर के रुद्राक्ष गार्डन में पिछले करीब एक माह से बालिकाओं को गरबे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें नगर की करीब 400 बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। नवरात्रि महोत्सव में नगर की बालिकाओं द्वारा तलवार रास और झांझ सहित विभिन्न गरबों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं गुजरात से आने वाले कलाकारों द्वारा मां कालिका और मां गंगा सहित विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

खबर संक्षेप



पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

ललितपुर। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना जखौरा पुलिस टीम ने ग्राम रायपुर से दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान ग्राम रायपुर निवासी राजकुमार पुत्र भगवानदास, भगवानदास पुत्र गनेश के रूप में की गयी। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, हेड कांस्टेबल प्रेमबाबू, कांस्टेबल सौरभ कुमार, कांस्टेबल राजीव कुमार तथा महिला कांस्टेबल किरन शामिल रही।

कॉलेज जाने घर से निकली छात्रा लापता

ललितपुर। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के एक ग्राम से कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली करीब 17 वर्ष छह माह की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में छात्रा ललितपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर टिकट लेने के बाद छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होती दिखाई दी। इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी करीब 17 वर्ष छह माह की पुत्री बीती 23 सितंबर की सुबह लगभग नौ बजे दीपचंद कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। निर्धारित समय बीतने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश शुरू की, लेकिन छात्रा का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिवार ने रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान परिजनों को ललितपुर रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिला। फुटेज के अनुसार छात्रा स्टेशन पर पहुंची और टिकट मशीन से टिकट लिया।

खेत में भैंस घुसने पर विवाद, दंपती पर हमला

ललितपुर। मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम सीरोन में खेत में भैंस घुसकर सोयाबीन की फसल चरने का उलाहना देना एक किसान को भारी पड़ गया। आरोप है कि शिकायत करने पहुंचे किसान के साथ तीन लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी.डंडों और लात घूंसों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर बीच.बचाव करने पहुंची किसान की पत्नी के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। जाते समय आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने की बात भी तहरीर में कही गई है। शिकायत पर मड़ावरा पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सीरोन निवासी अजय सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे उनके खेत में सोयाबीन की फसल खड़ी थी। इसी दौरान गांव के ही मलखान सिंह लोधी की भैंस कथित रूप से खेत में घुस गई और फसल को नुकसान पहुंचाने लगी। फसल खराब होने की बात को लेकर वह संबंधित लोगों के पास उलाहना देने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। अजय सिंह का आरोप है कि उलाहना देने पर ग्राम सीरोन निवासी श्याम सिंह लोधीए निर्भय सिंह और दीवान सिंह उनसे गाली.गलौज करने लगे। किसान ने जब गाली देने से मना किया तो विवाद और बढ़ गया। आरोपियों ने कथित रूप से लाठी डंडों से हमला कर दिया।

सीपीआर, रेस्क्यू, स्ट्रेचर बनाने और बाढ़ के दौरान सुरक्षित रहने की ट्रेनिंग

एनडीआरएफ ने बेतवा किनारे ग्रामीणों को सिखाए आपदा से बचाव करने के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



ग्राम काला पहाड़ के बेतवा नदी किनारे स्थित गेंदौरा मजरे में सोमवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता एडीएम वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार ने की, जबकि एडीएम नमामि गंगे संजय मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संचालन आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह ने किया।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की आठवीं वाहिनी, गाजियाबाद की टीम ने ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव के व्यावहारिक तरीके बताए। टीम ने विशेष रूप से बेतवा नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ और डूबने की घटनाओं से बचाव को लेकर ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया। एनडीआरएफ टीम ने दुर्घटना में घायल व्यक्ति के प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव रोकने तथा बेहोश व्यक्ति को तत्काल चिकित्सकीय सहायता मिलने तक सुरक्षित रखने की जानकारी दी। डूबने के बाद व्यक्ति को बाहर निकालने तथा उसकी सांस और धड़कन सामान्य करने के लिए सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया। टीम ने ग्रामीणों को आपात स्थिति में उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेचर तैयार करने और घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के तरीके भी समझाए। विभिन्न आपदाओं में प्रभावित लोगों को रेस्क्यू करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर लोगों को प्रशिक्षित किया गया। बेतवा नदी के किनारे बसे गेंडोरा क्षेत्र में जलभराव और डूबने की घटनाओं की आशंका को देखते हुए बाढ़ के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि पानी भरने की स्थिति में किस प्रकार सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा जाए और उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वयं तथा दूसरों की जान बचाई जाए। विशेष रूप से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अन्य संवेदनशील लोगों को जलभराव वाले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के उपायों पर चर्चा की गई।

ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि बाढ़ के दौरान किन स्थानों पर जाने से बचना चाहिए और किन सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी चाहिए। एनडीआरएफ टीम ने भूकंप के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, भूकंप के बाद राहत एवं बचाव कार्य और मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा सूखा आपदा तथा मानव गतिविधियों के कारण उत्पन्न होने वाली आपदाओं के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। एनडीआरएफ टीम लीडर दिनेश कुमार ने विभिन्न आपदाओं के दौरान तत्काल उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी। टीम के सदस्यों ने प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से बचाव कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अंत में ग्राम प्रधान ने एनडीआरएफ टीम तथा आपदा प्रबंधन टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों समेत करीब 400 लोगों ने सहभागिता की।

विरोध में नारेबाजी की गई

भ्रष्टाचार को लेकर बुंदेलखंड विकास सेना ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा बु. वि सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व मे ललितपुर शहर में व्याप्त भ्रष्टाचार और बदइंतजामी को लेकर कंपनी बाग से निकल कर शाही रोड पर जंगी प्रदर्शन किया गया । इस मौके पर कथित भ्रष्टाचार और बदइंतजामी के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि शहर के सभी कार्यालयों में बगैर सुविधा शुल्क के एक इंच भी फाइल नहीं बढ़ती । दूरदराज से आये गरीबों व किसानों का जमकर आर्थिक शोषण हो रहा है । दलालों का बोलबाला है । कोई भी कार्य बगैर दलालों के नहीं हो पाता है । गरीब किसान दूरदराज से किराया लगाकर अपने काम के लिए शहर के कार्यालयों आता है , कोई भी रिपोर्ट लगवाने पर उनसे सुविधा शुल्क मांगा जाता है । और उसे काम पूरा कराने के लिए महिनों चक्कर लगाने पड़ते हैं । इसके अलावा तहसील स्तर के कामों में छोटे से छोटा मसलन खसरा खतौनी की नकल लेने , आय और जाति प्रमाणपत्र , हदबंदी आदि काम कराने के सुविधा शुल्क देना पड़ता है । उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि शहर के सभी कार्यालयों में व्याप्त समस्याओं का संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स नीति के अंतर्गत भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें तथा इनको दलालों से मुक्त करके सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यशैली को व्यापक बनायें । अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना उग्र आन्दोलन के लिए बाद्ध हो जायेगी प्रदर्शन के दौरान बुंदेलखंड विकाश सेना के वरिष्ठ सदस्य कदीर खान, फूलचंद, लाल चन्द,पंडित मुन्ना लाल,राजकुमार कुशवाहा , कमल विश्वकर्मा, काशीराम विश्वकर्मा, खेमचंद कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, शाहिद संजय चौहान, प्रिंस डागौर, सुरेश झा, शिशुपाल सिंह, रामसहाय राठौर, विनोद कुमार साहू, अमर सिंह, राकेश तिवारी,रज्जन यादव, हनुमत, राघवेंद्र सिंह लोधी, राजेंद्र सिंह, बलराम सिंह, राघवेंद्र कटारिया, अमित, रामप्रकाश झा गौरव विश्कर्मा, रामस्वरूप राजपूत, पुष्पेंद बुंदेला,अमर सिंहपाल,सुमित राजपूत, नरेंद्र यादव, कामता शर्मा, जगदीश झा, परमानंद विश्कर्मा, अशोक, देवालिया, प्रेम बम्बई, हरगोविन्द, पुष्पेंद शर्मा, अशोक जैन शिवाजी, नंदराम कुशवाहा, मोहम्मद फईम, प्रमोद धानुक, मुकेश कुमार, तुलसीदास गौतम उत्तमधाना, राहुल चौधरी,सुखबीर तोमर शिशुपाल सिंह सिकरवार, गफूर पेंटर रामकुमार पटेल, एस के राजपूत, मानसिंह राजपूत, संजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

पोषण माह कार्यक्रम किया

गर्भवती महिलाओं की कराई गोद भराई, बच्चों का किया अन्नप्राशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

संकल्प सेवा अभियान के तहत चलाए जा रहे नौवें पोषण माह अभियान के अंतर्गत जाखलौन क्षेत्र के देवगढ़ और बंदरगुड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों को आमंत्रित किया गया।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। देवगढ़ आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री रिंकी यादव ने गर्भवती महिला शिवानी की गोद भराई की। इसके साथ ही छह माह की आयु पूर्ण करने वाले वेदांश साहू का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में लाभार्थी बच्चों एवं महिलाओं के साथ गांव की अन्य महिलाओं को भी आमंत्रित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सही पोषण, देश रोशन का संदेश देते हुए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण, बच्चों के खान-पान तथा आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री रिंकी यादव, सहायिका उर्मिला साहू, मीरा साहू, सुनीता सहरिया, सुशीला सहरिया, शिवानी यादव सहित लाभार्थी महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

इसी क्रम में बंदरगुड़ा आंगनबाड़ी केंद्र पर भी पोषण माह अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री संध्या ने केंद्र पर पंजीकृत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों को आमंत्रित कर पोषण संबंधी जानकारी दी। इस दौरान गर्भवती महिला की गोद भराई कराई गई तथा छह माह की आयु पूर्ण करने वाले बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। महिलाओं को बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पोषणयुक्त आहार देने के साथ ही स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। आयोजकों के अनुसार संकल्प सेवा अभियान के तहत नौवां पोषण माह अभियान 7 अक्टूबर 2026 तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत महिला मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का सम्मान भी किया जा रहा है। कार्यक्रमों का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ परिवारों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान में सिरसी में बैठक में समीक्षा की

हर बूथ पर लोगों को जोड़ना है, जिससे बूथ मजबूत होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक जखौरा के ग्राम सिरसी में पांच न्याय पंचायत की बैठक समीक्षाचंद्रभूषण सिंह बुंदेला उर्फ गुड्डू राजा महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष दयाराम रजक की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि जसपाल सिंह,मोहन सिंह चंदेल,खलक सिंह राजपूत, सीताराम राय, प्रदीप कुशवाहा आदि रहे इस दौरान श्री गुड्डू राजा ने कहा कि संगठन सजन के कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम सभा में अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है अब बूथ अध्यक्षों के गठन में सब लोग पूरी जिम्मेदारी के साथ जुड़ जाए हर बूथ पर लोगों को जोड़ना है जिससे होगा बूथ मजबूत होगा सभी युवाओं को आभार किया कि वह कांग्रेस से जुड़कर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दें कांग्रेस किसी भी जाति वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है वैसा भी धर्म को और वर्गों को लेकर चलती है आज पांच न्याय पंचायत जखौरा सिरसी लगोन ननोरा वांसी की समीक्षा की जिसमें बांसी से बृजेश गुप्ता थनवारा से इकबाल दैलवारा से नागेश रजक सिरसी से नेक सिंह राजपूत का सम्मान किया गया तथा उनकी बूथों की स्थिति ग्राम पंचायत की स्थिति की संपूर्ण जानकारी ली इस दौरान जसपाल सिंह ने कहा कि सभी कमेटियों को पूर्ण जिम्मेदारी के तहत कांग्रेस में युवाओं को जोड़ना है और गांव-गांव युवाओं को आभार व्यवहार किया कि वह कांग्रेस से जोड़कर अपने विकासखंड जनपद और देश सेवा में अपना योगदान दें कांग्रेस का इतिहास रहा है कि स्वतंत्रता के आंदोलन में युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर अंग्रेजों से गुलामी खत्म कराई थी आज फिर बैठ समय है की उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए 40 साल का सूखा खत्म करना है पहले मनरेगा में गांव-गांव कम मिलता था आज पूरे देश में पूरे जनपद में यह मालूम भी नहीं पड़ता है कि किसी गांव में मनरेगा के लोग मजदूर काम कर रहे हैं अपने-अपने चिन्हित लोगों को काम देकर मजदूरों को छोड़ दिया गया है इस दौरान अध्यक्षता करते हुए श्री रजक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी लोगों की पार्टी है आप सब इसमें भागीदारी कर देश सेवा और जन सेवा के काम में आगे बढ़े इस दौरान कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष दीपक रैकवार ने किया इस दौरान प्रमुख रूप से पंडित अवधेश गिरी, हरदेव राजपूत,उपदेश सेन, नंदकिशोर विश्वकर्मा बालकिशन जीवन सिंह,सुरेश, दयाराम विश्वकर्मा,जितेन्द्र सिंह राजपूत,विशाल विश्वकर्मा रामकुमार राजपूत, जमुना प्रसाद, लखन नाथ श्रीराम विश्वकर्मा हर सिंह तिलक रजक, अर्जुन नाथ, मिथुन रजक मलखान रैकवार, बद्रीलाल, दीपक अहिरवार,मयंक अहिरवार, सुनील रजक, अरविंद यादव,कल्याण झा अमन विश्वकर्मा, मूलचंद पाल,पवन पाल आदि मौजूद रहे।

मंदिर के ताले तोड़कर इंवर्टर व घंटी चोरी, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना जखौरा अंतर्गत कस्बा बांसी में तालाब के पास स्थित मन तालाब मंदिर में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से घंटी, तीन दिन पहले लगाया गया इंवर्टर तथा अन्य सामान चोरी कर ले गए। मंदिर में चोरी की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। मन तालाब मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा विराजमान है। शनिवार शाम मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर बंद कर अपने घर चले गए थे। रविवार सुबह करीब 8 बजे जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो मंदिर के दरवाजे के ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखा गया तो मंदिर में लगी घंटी, इन्वेंटर और अन्य सामान गायब था। मबांसी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। मंदिर के रख-रखाव की जिम्मेदारी संभालने वाले पं.नीरज गंगेले ने बताया कि मंदिर में लगाया गया इन्वेंटर अभी महज तीन दिन पुराना था। चोर उसे भी चोरी कर ले गए।

फर्जी दस्तावेजों से जमानत कराने वाले 20 लोग बेनकाब, 241 की जमानत रद्द कराने की तैयारी

ललितपुर। जनपद में कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेल में निरुद्ध अभियुक्तों की अवैध रूप से जमानत कराने वाले 20 पेशेवर जमानतदारों के खिलाफ ललितपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इन पेशेवर जमानतदारों ने अलग-अलग आपराधिक मामलों में जेल गए 241 अभियुक्तों की जमानत कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कराई। मामले में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल आठ अभियोग सुसंगत धाराओं में पंजीकृत कराए गए हैं। अब पुलिस इन सभी 241 जमानतशुदा अभियुक्तों की जमानत निरस्त कराने के लिए संबंधित न्यायालयों से पत्राचार कर रही है। पुलिस के अनुसार पेशेवर जमानतदारों द्वारा यह काम व्यक्तिगत रूप से नहीं, बल्कि संगठित तरीके से गैंग बनाकर किया जा रहा था। आरोप है कि कूटरचित दस्तावेजों के सहारे अभियुक्तों की जमानत कराने का उद्देश्य अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करना था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चिन्हित सभी 20 आरोपियों के विरुद्ध गैंग पंजीकरण और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पेशेवर जमानतदारों के खिलाफ यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में की जा रही है। अभियान के दौरान कोतवाली, थाना जखौरा और थाना जाखलौन क्षेत्र से जुड़े मामलों की जांच की गई। जांच में बड़ी संख्या में ऐसे प्रकरण सामने आए, जिनमें एक ही व्यक्तियों द्वारा बार-बार अलग-अलग अभियुक्तों की जमानत कराए जाने की जानकारी मिली। पुलिस द्वारा जारी विवरण के अनुसार थाना जाखलौन के ग्राम पिपरिया वंशा निवासी रतीराम पुत्र जूजे जूजा ने 33 मामलों में जमानत कराई। वहीं ग्राम कपासी के ही कमलेश पुत्र गज्जूराम उर्फ गज्जुए ने 16, पिपरियावंशा निवासी इमरत पुत्र दिब्बा उर्फ दिबिया ने 15 और ग्राम जीरोंन निवासी मंगू उर्फ मगनलाल पुत्र झुआ ने 14 मामलों में जमानत कराई। इसी प्रकार पिपरियावंशा निवासी ढुली पुत्र अर्दली ने नौ तथा भरत पुत्र हरदास ने नौ मामलों में जमानत कराई।

पेशाब घर के गंदे पानी से वार्ड-10 में जलभराव परेशान व्यापारियों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन



ललितपुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर-10 में जनसुविधा के लिए बनाए गए पेशाब घर की व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में नाराजगी है। व्यापारियों का आरोप है कि पेशाब घर का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं होने तथा गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सफाई के दौरान निकलने वाला दूषित पानी पाइप के जरिए उचित स्थान तक नहीं पहुंच पा रहा है और आसपास की सड़क पर फैल रहा है। समस्या को लेकर वार्ड के व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन भेजकर तत्काल उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। व्यापारियों ने बताया कि पेशाब घर की सफाई के बाद निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। इससे मार्ग पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है और लगातार दुर्गंध फैल रही है। व्यापारियों के मुताबिक सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से दुकानदारों के साथ ही राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय तक गंदगी और दूषित पानी जमा रहने से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। इसके अलावा इस मार्ग से धार्मिक व्यक्तियों तथा आम नागरिकों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने मांग की है कि पेशाब घर के गंदे पानी की निकासी के लिए स्थायी और समुचित व्यवस्था कराई जाए। साथ ही सड़क पर फैल रहे दूषित पानी और जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए। ज्ञापन पर पार्षद अब्दुल रहमान, मज्जू सोनी, विद्या मालवीय, वीरू पटवा, पनारी प्रधान बलवंत सिंह, अशोक चौरसिया, भूपेन्द्र सोनी, अमित लखेरा, राकेश सोनी आदि ने हस्ताक्षर किए।

सीडीओ ने बाल और संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

दैलवारा बाल गृह में 16 बच्चे और नेहरूनगर संप्रेक्षण गृह में 46 किशोर मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में गठित निरीक्षण समिति ने जिले की दो राजकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर वहां रह रहे बच्चों और किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समिति ने दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) तथा नेहरू नगर स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया।

इस दौरान साफ-सफाई, खान-पान, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवासीय सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की गई। निरीक्षण समिति सबसे पहले राजकीय बाल गृह (बालक), दैलवारा पहुंची। यहां सभी कर्मचारी अपने निर्धारित कार्य पर उपस्थित मिले। संस्था में वर्तमान में कुल 16 बच्चे निवासरत पाए गए। समिति के सदस्यों ने बच्चों से सीधे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, पढ़ाई और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने संस्था में उपलब्ध व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। इसके बाद समिति ने मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, शौचालय, स्नान गृह और रसोईघर का निरीक्षण किया। बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था भी देखी गई। परिसर में आरओ और वाटर कूलर सुचारू रूप से संचालित मिले। निरीक्षण के दौरान संस्था की व्यवस्थाएं सामान्य और दुरुस्त पाई गईं। इसके बाद निरीक्षण समिति ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), नेहरूनगर का जायजा लिया। यहां कुल 46 किशोर निरुद्ध पाए गए। समिति ने किशोरों के शयन कक्षों के साथ ही शौचालय, स्नान गृह और रसोईघर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वहां मौजूद किशोरों से बातचीत कर संस्था में मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। किशोरों ने भी व्यवस्थाओं को ठीक बताया। निरीक्षण के बाद सीडीओ शेषनाथ चौहान ने दोनों संस्थाओं के अधीक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों और किशोरों के खान-पान एवं चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण एवं कौशल विकास की गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने पर भी जोर दिया। साथ ही संस्थाओं के परिसरों में नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान प्रभारी सीएमओ डा.शिव प्रकाश, डीआईओएस ओपी सिंह, प्रभारी बीएसए समर सिंह और प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

आईटीआई में नाम कटाने और चतुर्थ चरण के उच्चीकरण की प्रक्रिया शुरू

ललितपुर। राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के निर्देशानुसार प्रथम तीन चरणों की प्रवेश प्रक्रिया के बाद अब प्रवेश निरस्त कराने तथा चतुर्थ चरण में उच्चीकरण की प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोडल प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने बताया कि जिन प्रशिक्षार्थियों ने प्रथम तीन चरणों में प्रवेश लिया है और किसी कारणवश अपना प्रवेश निरस्त कराना चाहते हैं, उनके लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिन प्रवेशित प्रशिक्षार्थियों को किसी कारणवश अपना प्रवेश निरस्त यानी नाम कटाना है, वह एससीवीटी उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर उपलब्ध राजकीय संस्थानों में प्रवेश पृथक (नाम कटाने) हेतु लिंक पर क्लिक कर लॉगिन करना होगा। इसके बाद प्रवेश निरस्त कराने का कारण दर्ज करते हुए अपनी सहमति ऑनलाइन देनी होगी। प्रवेश निरस्त कराने की यह सुविधा 27 से 29 सितंबर तक उपलब्ध रहेगी। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद नाम कटाने की प्रक्रिया के संबंध में अभ्यर्थियों को पोर्टल पर उपलब्ध निर्देशों का पालन करना होगा। प्रवेश निरस्त होने अथवा अन्य कारणों से रिक्त होने वाली सीटों के सापेक्ष चतुर्थ चरण में उच्चीकरण की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। ऐसे सभी प्रवेशित प्रशिक्षार्थी, जिन्होंने प्रवेश के किसी भी चरण में फ्लोट विकल्प पर सहमति दी थी और अभी तक उनका उच्चीकरण नहीं हुआ है।

मिलावट और लापरवाही के अंदेशा का बड़ा खुलासा

श्री राधा गोल्ड आटा पैकेट में रेंगती मिली इल्लियां, एक्सपायरी डेट में भी फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

इंसान की सेहत के साथ खिलवाड़ और ग्राहकों को चूना लगाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। श्री राधा गोल्ड चक्की फ्रेश आटा अभिषेक ट्रेडर्स के पैकेट से रेंगते हुए जिंदा कीड़े और इल्लियां निकलने से हड़कंप मच गया।एक्सपायरी डेट में भी फर्जीवाड़ा कर लोगों की जान से सरेआम खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। निर्माण एंजेसी द्वारा दो पैसो के लालच में आकर लोगों को शुद्ध की बोलकर जहर परोसा जा रहा है।



थाली में परोसी जा रही थी बीमारी

मामला मलावर स्थित श्री श्यामबाबा किराना स्टोर का है। जहा गुरुवार को अशोक वर्मा ने उक्त दुकान से 10 किलोग्राम का श्री राधा गोल्ड आटे का पैकेट खरीदा था। शुक्रवार सुबह जब घर में बच्चों के टिफिन और खाने के लिए पैकेट खोला गया तो ऊपर ही जिंदा इल्लियां बिलबिलाती नजर आईं। हद तो तब हो गई जब आटे को चलनी से छाना गया अंदर से एक के बाद एक जिंदा इल्लियां निकलती चली गईं।इसी तरह आज सुबह ही राहुल वर्मा ने भी उसी दुकान से 10 किलो का आटा पैकेट खरीदा जिसके अंदर भी जिंदा कीड़े और इल्लियां रेंगती पाई गईं। गनीमत रही कि परिजनों की नजर समय रहते पड़ गई वरना मासूम बच्चों और परिवार की सेहत के साथ बड़ा हादसा हो सकता था।

आटा के पैकेट पर एक्सपायरी डेट में भी भारी फर्जीवाड़ा

लापरवाही सिर्फ कीड़ों तक सीमित नहीं है आटा के पैकेट पर जब एक्सपायरी डेट देखी गई तो होश उड़ गए। पैकेट पर किसी मशीन की मुहर के बजाय हाथ से और पेन से एक्सपायरी डेट 24.08.2026 लिखी हुई पाई गई। यह साफ तौर पर दर्शाता है कि बिना किसी मानक जांच और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पुराना या खराब आटा खुलेआम बाजार में खपाया जा रहा है। ग्राहकों में भारी आक्रोश पीड़ित ग्राहकों ने इस पूरी धांधली और पैकेट से निकलती जिंदा इल्लियों का वीडियो बना लिया।अशोक वर्मा और राहुल वर्मा ने इस घटिया और जानलेवा आटे की बिक्री पर सख्त नाराजगी जताई है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

कंपनी और दुकानदार चंद पैसों के मुनाफे के लिए जनता की जान जोखिम में डाल रहे हैं।खाद्य सुरक्षा विभाग से तुरंत इस मामले का संज्ञान लेने श्री श्याम बाबा किराना स्टोर के स्टॉक की जांच करने और अभिषेक ट्रेडर्स श्री राधा गोल्ड के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।अब देखना यह होगा कि इस खुलेआम जारी जहर-बिक्री पर प्रशासन चाबुक चलाता है या मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

इनका कहना है

ग्राहक से बोल दीजिए कि दुकान से जाकर दूसरा पैकेट ले लेंगे काफी दिन पुराना हो गया होगा या ठंडा मौसम भी है इसलिए इल्लियां पड़ गई होगी। हमारे पेड की स्याही खत्म हो गई है इसलिए पेन से एक्सपायरी डेट लिख रहे।

अभिषेक साहू,
प्रोपा. अभिषेक ट्रेडर्स आटा मिल ब्यावरा।

हमने 8 दिन पहले ही श्री राधा गोल्ड चक्की फ्रेश आटा अभिषेक ट्रेडर्स के मिल ब्यावरा से आटा के पैकेट मंगवाए थे एक्सपायरी डेट भी वही से लिखी आती है।

श्री श्याम किराना स्टोर मलावर।

आपसे जानकारी प्राप्त हुई है उक्त मिल की जांच कर ठोस कार्यवाही की जाएगी।

एस.एस. खत्री, खाद्य अधिकारी राजगढ़

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई

11 केवी बिजली लाइन से टकराई मिक्सर लिफ्ट मशीन, करंट से दो मजदूरों की मौत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर





समपीस्थ ग्राम पंचायत पीलूखेड़ी में पंचायत भवन वाले रोड पर चल रहे आरसीसी रोड निर्माण कार्य के दौरान शनिवार दोपहर करीब 2.45 बजे बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य में लगी मिक्सर लिफ्ट मशीन के 11 केवी बिजली लाइन से टकराने के बाद करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत भवन वाले रोड पर सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही मिक्सर लिफ्ट मशीन ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन से संपर्क में आ गई। मशीन के बिजली लाइन से टकराते ही आसपास काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

ठेकेदार के खुद चपेट आने से मौत

हादसे में अपनी देख रेख में काम करवा रहे ठेकेदार सलमान पिता इब्राहिम निवासी साहूखेड़ी और शहजाद निवासी पीपलखेड़ा करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। वहीं घायलों में अरमान, दानिश, उस्मान और जमील निवासी मेंगलदीप तथा इकबाल निवासी साहूखेड़ी शामिल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां शहजाद और सलमान को गंभीर हालत में बताया गया था।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला

घटना की सूचना मिलते ही नरसिंहगढ एसडीओपी रामस्नेह चैहान , जितेन्द्र सिंह मवई कुरावर थाना पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार सुनीता सिंह सहित अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जानकारी ली। पुलिस ने घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।हादसे के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और 11 केवी बिजली लाइन के आसपास किए जा रहे कार्य को लेकर भी जांच की जा रही है। प्रशासन द्वारा घटना के कारणों एवं निर्माण कार्य के दौरान अपनाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद पीलूखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला, सरपंच सहित चार घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ ग्राम पंचायत पड़ाना में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस घटना में ग्राम पंचायत पड़ाना सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया सहित चार लोगों के घायल होने की बात सामने आई है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार 25 सितंबर की रात करीब 9.50 बजे फरियादी पक्ष के लोग खेत की ओर से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गोकुल प्रसाद दुगरिया सहित अन्य लोगों पर आरोपियों ने विवाद के दौरान धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में गोविंद सेन, अनिल सेन पिता कालूराम सेन सहित चार लोगों के घायल होने पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस विवाद के कारणों, घटना में शामिल लोगों और हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। मामले में दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई है।

मप्र जनअभियान परिषद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की

एकात्म मानव दर्शन के जनक थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय : श्यामदास बैरागी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतामऊ/मंदसौर

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकास खण्ड सीतामऊ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामदास बैरागी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन के जनक थे। उन्होंने पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों की विसंगतियों पर कार्य किया और कहा कि सरकार को मनुष्य के चारों पुरुषार्थ - शरीर, बुद्धि, मन और आत्मा के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य भी थे। इस अवसर पर फ़क़ीरचंद्र मालवीय ने कहा कि माता-पिता के असमय निधन के बाद भी उनका जीवन उज्ज्वल रहा। वे सदैव शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में विश्वास रखते थे। मध्यप्रदेश



जनअभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने भी कार्यक्रम के उद्देश्य एवं पंडित दीनदयाल जी के जीवन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने किया। अतिथियों का स्वागत नवांकुर संस्था के दिलीप भटनागर, कैलाश गुर्जर,टीना सोनी, परामर्शदाता हेमंत गौड, चरण द्वारा किया गया। अंत में आभार कवि रजनीश शर्मा द्वारा माना गया। इस अवसर पर असाइनमेंट जमा करने वाले विद्यार्थी आरती सेमलिया एवं देवांश मालवीय नाटाराम का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्कोर्पियो से चार क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ /मंदसौर

नशा मुक्ति अभियान के तहत एसपी विनोद मीणा द्वारा दिए गए निर्देशों के तारतम्य में थाना प्रभारी नाहरगढ़ निरीक्षक वरुण तिवारी व उनकी टीम द्वारा तस्करों से 4 क्विंटल डोडाचूरा मय 1 स्कोर्पियो वाहन के जब्त किया।

जानकारी के अनुसार थाना नाहरगढ़ पर पदस्थ कार्यवाहक सउनि सीताराम शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि लाईनिंग वाली सफेद शर्ट एवं गहरे नीले रंग की जींस पहन रखी है जो महिन्द्रा स्कार्पियो काले रंग की है जिसमे अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरकर कचनारा तरफ से राजस्थान तरफ जाने वाले हैं यदि शीघ्र ही कचनारा विशनिया रोड के बीच नाकाबन्दी की जाए तो तस्कर को अवैध डोडाचुरा सहित पकड़ा जा सकता है। मुखबिर सूचना विश्वसनीय होने से तत्काल टीम गठीत कर ग्राम फतेहगढ़ हनुमान मंदीर के पास नाकाबंदी की गई तभी थोड़ी देर बाद कचनारा तरफ से एक स्कोर्पियो आई जिसे रोककर पकड़ा। स्कोर्पियो वाहन चेक करते 4 क्विंटल डोडाचुरा मिला अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना नाहरगढ पर अपराध क्रमांक 402/26 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

न्यायालयीन आदेश के पालन की मांग को लेकर पशु चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पशु चिकित्सकों के हित में दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के पालन की मांग को लेकर शनिवार को पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों ने एकजुट होकर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार डॉ. गौतम टेटवाल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में मेडिकल एवं डेंटल अधिकारियों की तरह वेटरनरी अधिकारियों को भी समान वेतनमान एवं अन्य लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 5, 10, 15 एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर देय समयमान वेतनमान का लाभ भी अन्य चिकित्सा संवर्ग के समान पशु चिकित्सकों को दिए जाने की मांग रखी गई। पशु चिकित्सकों के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. अमित शाक्या (पशु चिकित्सा अधिकारी, सारंगपुर), डॉ. विनोद यादव (पशु चिकित्सा अधिकारी, राजगढ़) एवं डॉ. रामवरण (पशु चिकित्सा अधिकारी, खुजनेर) ने ज्ञापन सौंपा।पशु चिकित्सकों ने मांग की कि न्यायालयीन आदेश का शीघ्र पालन कर लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति का निराकरण किया जाए।

खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो में चयन, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे जिले के 11 खिलाड़ी



राजगढ़। खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो के तहत जिले के 11 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता-2026 के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 5 से 8 अक्टूबर तक जबलपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के खिलाड़ी जूडो खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने जा रहे बच्चों में साक्षी गुप्ता, मैना सौंधिया, भाविका गौर, सुमित प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, कुश वजार, मनीष जाटव, पुष्पेंद्र भदौरिया एवं धिशांत प्रजापति शामिल हैं। खिलाड़ियों के चयन से खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो राजगढ़-ब्यावरा में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी तैयारियां पूरी की हैं। जिला स्तर पर खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मेरे सपनों का भारत थीम पर बच्चों ने कैनवास पर उकेरी मन की कल्पना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को मेरे सपनो का भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्तर से चयनित चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 से भी अधिक प्रतिभागितयों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विषय से संबंधित थीम पर अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरा। प्रतियोगिता में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर की रितु कुशवाह ने प्रथम, एमएस अकादमी जीरापुर के अतुल राव ने द्वितीय एवं मानस स्कूल ब्यावरा की गिरिजा सौंधिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सांसद रोडमल नागर, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष केपी पंवार, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलसिंह तंवर, मण्डल अध्यक्ष सचिन मौर्य, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिलबर यादव, गजराज सिंह चौहान, शैलेश गुप्ता, मनोज हाडा, मोहन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। जिला शिक्षाधिकारी सावन पाटीदार ने कार्यक्रम के संबंध में अपने उद्धगार व्यक्त किए। संचालन मुकेश पिपलोटिया ने किया एवं आभार बीआरसी दीपक चौधरी ने माना।

बैंक ऑफ बड़ौदा गांधी चौराहा पर जुटेंगे अधिकारी व कर्मचारी

आज से 3 दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल



मंदसौर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मंदसौर जिले के समस्त सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी 28 से 30 सितंबर तक 3 दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल के पहले दिन सोमवार को सुबह 10:30 बजे से जिले भर के बैंक कर्मी गांधी चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के समक्ष एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस, मंदसौर के पदाधिकारियों ने बताया कि बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबित मांगों तथा सरकार की बैंक कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान बैंककर्मियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की जाएगी।

3 दिनों का विशेष ड्रेस कोड और वाहन रैली:
आंदोलन को प्रभावी और अनुशासित बनाने के लिए 3 दिवसीय प्रदर्शन हेतु विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है:
28 सितंबर (सोमवार): कर्मचारी लाल वस्त्र पहनकर आक्रोश व्यक्त करेंगे।
29 सितंबर (मंगलवार): विरोध स्वरूप सभी साथी काले वस्त्रों में उपस्थित रहेंगे। इस दिन प्रातः 10:30 बजे गांधी चौराहा से शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वाहन रैली निकाली जाएगी।
30 सितंबर (बुधवार): शांतिपूर्ण प्रदर्शन के प्रतीक के रूप में सफेद वस्त्र पहने जाएंगे, जिसके माध्यम से शासन को अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी जाएगी।

नदी से निकाला 1 ट्रॉली प्लास्टिक कचरा, विधायक ने भी किया श्रमदान

शिवना शुद्धिकरण के 143वें दिन भी शिवना में उतरे श्रमदानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शिवना नदी को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 143वें दिन निरंतर विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में नदी किनारे श्रमदान का क्रम जारी रहा। सुबह से ही श्रमदानी नदी किनारे पहुंचने लगे और सभी ने मिलकर श्रमदान शुरू किया। बीते दिन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं का नदी में विसर्जन किया गया था।

विसर्जन के बाद कुछ गणेश प्रतिमाएं पानी के बहाव के साथ वापस नदी किनारे आ गई थीं। श्रमदानियों ने इन प्रतिमाओं को नदी किनारे से सम्मानपूर्वक उठाकर सुरक्षित स्थान पर रखा। इन्हें उचित स्थान पर पुनः जल में



विसर्जित किया जाएगा। श्रमदान के दौरान नदी में फैली प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य कचरे को भी बाहर निकाला गया। नदी के आस पास उग आई गाजर घांस और घाट क्षेत्र में बिखरे प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर सफाई की गई। अभियान के 143वें दिन भारतीय डाक विभाग, मंदसौर के कर्मचारियों ने भी श्रमदान में सहभागिता करते हुए शिवना नदी की सफाई में अपना सहयोग दिया। विधायक जैन ने सभी नगर वासियों से अनुरोध किया कि प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर आए। श्रमदान करने वालों में इस अवसर विधायक विपिन जैन, समाजसेवियों में रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जेन पिन्टू, शांतिलाल मेमावत, बालकृष्ण दवे, भारतीय डाक विभाग मंदसौर से ज्योति चपड़ोत, अखिलेश ओझा, सेवंती ओझा, राजेंद्र नागर, विजेंद्र मीणा, भीम सिंह झाला, राकेश कटारा, विजय मांडोत, प्रिया गहलोत, बालकृष्ण पोरवाल, गोविंद जोशी, ललित जोशी, चंचल डोडिया,जगदीश नागर, छत्रपाल सिंह राणावत, रामचंद्र धामन, पवन धाकड़, चंद पाशा, महिला नेत्रियों में रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, गीताली पोरवाल, कांग्रेसजन में सादिक गोरी, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, शैलेंद्र बघेरवाल, भूपेंद्र सिंह राठौर, संजय नाहर, रईस खान पटवारी, रमेश ब्रिजवानी, विश्वास दुबे, अजय सोनी, जयेश पालीवाल, कैलाश कुमावत, राजेश चौधरी, राकेश सेन, अकरम खान, आमीन खान, राहुल तिवारी, संजय बारोट, गणपत राठौर अंसार मेव, ऋषिराज लाड़ आदि ने श्रमदान में सहभागिता की।